# धूमधाम से मनाया दशहरा पर्व: दो स्थानों पर हुआ भव्य रावण दहन, राम का विजय जुलूस निकला

**सतना। गुरुवार को जिलेभर में विजयदशमी का पर्व दशहरा पूरे उत्साह और परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर दो प्रमुख स्थानों-धवारी स्थित कलेक्ट्रेट के पीछे और हवाई पट्टी के निकट-पर रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया। दोनों ही जगहों पर दर्शकों की भारी भीड़ जुटी। कलेक्ट्रेट के पीछे श्री बिहारी रामलीला समाज और हवाई पट्टी के निकट डाली बाबा रामलीला समाज द्वारा रामलीला का मंचन किया गया,जिसके चरमोत्कर्ष पर राम-रावण युद्ध हुआ।**

अंततः,जैसे ही मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का अग्नि बाण रावण के पुतले से टकराया,बुराई का प्रतीक वह विशाल पुतला धू-धू कर जल उठा। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षात्कार करने के लिए दूर-दराज़ से हजारों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शक पहुंचे। बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला,वहीं आकर्षक आतिशबाजी ने पूरे माहौल को और भी मनमोहक बना दिया।





### विजय जुलूस और नगरवासियों का उल्लास

रावण दहन के तुरंत बाद नगर में भगवान राम का विजय जुलूस निकाला गया। यह जुलूस जिस मार्ग से गुजरा, नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा और जयकारों के साथ इसका भव्य स्वागत किया। पूरा नगर भक्ति,उत्साह और विजयादशमी के उल्लास से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह,विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा,महापौर योगेश ताम्रकार,भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय,नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी और विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष सतीश सुखेजा सहित कई गणमान्य अतिथियों ने उपस्थित होकर शुभकामना संदेश दिया।

### देर रात तक लोग दशहरे के इस उत्सव का आनंद लेते रहे

विजय जुलूस के पीछे गिनती की दुर्गा प्रतिमाओं की झांकियां थीं,लेकिन पूरे बाजार में जबरदस्त भीड़ उमड़ी रही। आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने भी दशहरे का आनंद लिया। जगह-जगह आयोजित भंडारों का लोगों ने प्रसाद लिया,वहीं दुर्गा उत्सव समितियों और व्यापारियों द्वारा लगाए गए खाने-पीने के निःशुल्क स्टॉल पर भी खूब रौनक रही।

### शुक्रवार को भी जारी रहा विसर्जन का दौर

बदलते दौर के कारण अब दशहरे के दिन ही सभी झांकियों का निकलना लगभग बंद हो गया है। गुरुवार को कुछ लोगों ने दिन में और कुछ ने रात में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया,लेकिन यह दौर शुक्रवार को भी सुबह से लेकर देर रात तक चलता रहा। दशहरे के दूसरे दिन भी बाजार में बड़ी संख्या में नागरिकों ने दशहरे के उत्साह और भीड़ का आनंद लिया।

## खबर संक्षेप

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत दो दिवसीय प्रवास पर आज सतना आएंगे



**माँ शारदा के दर्शन के बाद संतों और कार्यकर्ताओं से करेंगे भेंट**

**सतना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत दो दिवसीय प्रवास पर आज सतना आएंगे।अपने प्रवास के दौरान वे धार्मिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सरसंघचालक सुबह रेल मार्ग से मैहर पहुंचेंगे और सबसे पहले माँ शारदा देवी के दर्शन करेंगे। इसके बाद,वे प्रांत प्रचारक ब्रजकांत जी के घर उचेहरा जाएंगे,जहाँ वे भोजन भी करेंगे। तत्पश्चात,मोहन भागवत सतना पहुंचकर उतैली स्थित विद्यापीठ जाएंगे। यहां वे चल रहे वर्ग में शामिल होंगे और संतों के साथ एक बैठक भी करेंगे। सरसंघचालक यहीं पर रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन, 5 अक्टूबर की सुबह 10:30 बजे वे सिंधी कैंप पहुंचेंगे,जहाँ वे पुनर्निर्मित बाबा मेहर शाह दरबार का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद,मोहन भागवत बीटीआई ग्राउंड में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। सभी कार्यक्रमों के बाद,सरसंघचालक शाम को रेल मार्ग से नागपुर के लिए रवाना होंगे।

### सिटी कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा मोटर साइकिल चोर

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। फरियादी रोशन कुमार छत्तानी की मोटरसाइकिल क्र. एमपी 19 जेडके 9694 ईदगाह चौक,सतना से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। फरियादी की सूचना पर,तत्काल चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया और चोर की धरपकड़ के लिए कोतवाली थाना प्रभारी,निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में टीम रवाना की गई। मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि अज्ञात चोर चोरी की मोटरसाइकिल लेकर अंधेरी पुलिया से निकल रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया और चोरी की गई मोटरसाइकिल जब्त कर ली। पूछताछ में चोर की पहचान विशाल सिंह छोटू क्रिश्चन (उम्र 27 वर्ष,निवासी ढेकहा,रीवा,हाल बेला मस्जिद के पास, सतना) के रूप में हुई। आरोपी विशाल सिंह का चोरी और लूट जैसे संगीन मामलों में पूर्व से ही आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। विधिवत गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे केन्द्रीय जेल,सतना भेज दिया गया है।

# बदला मौसम: झमाझम बारिश से मिली भीषण गर्मी से राहत



### दुर्गा विसर्जन में भी उत्साह, पानी में भीग कर नाचते गाते हुए चल रहे थे लोग

**सतना।** मौसम ने अचानक करवट ली,जिससे लोगों को पिछले कई दिनों से जारी भीषण और उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है। शुक्रवार की सुबह से ही आसमान में काले घने बादल छाए रहे और फिर देखते ही देखते तेज बारिश शुरू हो गई। यह बारिश इतनी ज़ोरदार थी कि मानो बादल 'मेहरबान' हो गए हों,और इसने पूरे शहर के वातावरण को शीतल कर दिया। सुबह से शुरू हुई यह झमाझम बारिश काफी देर तक जारी रही,जिससे शहर की सड़कों पर पानी भर गया। इस बारिश के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी से तत्काल मुक्ति मिली,जिससे नागरिकों ने राहत की साँस ली। पिछले कुछ दिनों से सतना में गर्मी और चिपचिपी उमस अपने चरम पर थी,जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा था। अचानक हुए इस मौसम परिवर्तन ने लोगों को सुखद अनुभव दिया है। मौसम विभाग के अनुसार,इस अचानक हुई बारिश से क्षेत्र के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। नागरिकों ने इस बारिश का खुशी से स्वागत किया।कई लोग जो भीषण गर्मी से परेशान थे,उन्होंने भीगने का आनंद लिया। किसानों और आम जनता दोनों के लिए यह बारिश एक तरह से 'वरदान' साबित हुई है।



### विसर्जन में उत्साह बरकरार

बारिश के बावजूद शहर में चल रहे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के कार्यक्रमों पर कोई खास असर नहीं पड़ा। लोग अपने उत्साह और भक्ति को कायम रखते हुए रिमझिम बारिश के बीच भी विसर्जन के लिए निकले।विसर्जन जुलूसों में शामिल लोग नाचते-गाते हुए आगे बढ़ते रहे। गुलाल और डीजे की धुन के बीच,जब पानी की बूँदें पड़ीं,तो लोगों का जोश और भी बढ़ गया। ऐसा लग रहा था मानो प्रकृति भी उनके उल्लास में शामिल हो गई हो।भक्तिमय गीतों पर युवा और बुजुर्ग एक साथ डांस करते रहे। बारिश ने गीतों और जयकारों के बीच एक अविस्मरणीय माहौल बना दिया। भीगते हुए भी लोगों ने अपनी आस्था और परंपरा को बनाए रखा,जिससे यह विसर्जन और भी यादगार बन गया। कुल मिलाकर,इस अचानक हुई बारिश ने न सिर्फ़ सतना के नागरिकों को चिलचिलाती गर्मी से राहत दी है,बल्कि दुर्गा पूजा के विसर्जन उत्सव में भी एक अनोखी और खुशनुमा ऊर्जा भर दी है।

# गड्ढों भरी 'स्मार्ट' सड़क पर पलटा ई-रिक्शा, महिला समेत तीन घायल

**सतना।** शहर में अचानक हुई बारिश ने जहां एक ओर लोगों को तपती गर्मी से राहत दी है,वहीं दूसरी ओर स्मार्ट सिटी के अधूरे निर्माण कार्यों और टूटी-फूटी सड़कों की पोल खोल दी है। इन सड़कों पर बने खतरनाक गड्ढों ने अब दुर्घटनाओं का रूप लेना शुरू कर दिया है। इसी का नतीजा शुक्रवार को सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित सतना नर्सिंग होम के सामने देखने को मिला,जब एक ई-रिक्शा गड्ढे में पलट गया। इस दुर्घटना में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,लगातार बारिश के कारण सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी भर गया था। ई-रिक्शा चालक सड़क की वास्तविक स्थिति और गड्ढे की



गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाया,जिसके कारण रिक्शा अचानक पलट गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को रिक्शे से बाहर निकाला गया। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत चलाए गए सीवर प्रोजेक्ट के कारण शहर की सड़कें बुरी तरह



से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। कई स्थानों पर काम होने के बाद भी सड़कों की मरम्मत नहीं की गई है,जिसके चलते जगह-जगह जबरदस्त गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों के कारण छोटे-बड़े वाहनों को चलाने में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ई-रिक्शा के अलावा,हाथ ठेला और ठेली चलाने वाले पल्लेदार सबसे ज्यादा परेशान हैं,जिनका रोज़गार इन सड़कों से जुड़ा है।शहर के कई इलाकों में सड़कों की बदहाली के चलते जनजीवन प्रभावित है।सबसे बुरी स्थिति नजीराबाद इलाके की है,जहां एक बार सड़क बनाने के बाद उसे फिर से खोद दिया गया है। नगर निगम ने सड़कों पर लाखों रुपए खर्च किए हैं,लेकिन घटिया निर्माण और अव्यवस्था के चलते यह सारा पैसा पानी में बह गया प्रतीत होता है। स्थानीय नागरिक प्रशासन की इस लापरवाही पर गहरा रोष व्यक्त कर रहे हैं और जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत की मांग कर रहे हैं ताकि इस तरह की जानलेवा दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### डेल्हा में विजयादशमी पर हुआ भव्य रावण दहन उमड़ी भारी भीड़

**मैहर।** शारदेय नवरात्रि के बाद दशहरे के पर्व पर डेल्हा में पारंपरिक रावण दहन कार्यक्रम बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। यह आयोजन स्थानीय लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक आर्केस्ट्रा और भक्ति संगीत से हुई,जिसमें देवी गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद रावण दहन का आयोजन हुआ। जैसे ही अग्निबाण से रावण के पुतले को प्रज्वलित किया गया,चारों ओर जय श्रीराम के उद्घोष गूंज उठे। रावण दहन देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे,जिससे पूरा मैदान जनसैलाब से भरा दिखाई दिया।सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही,और पुलिस प्रशासन भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था के लिए मुस्तैद था। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने विजयादशमी को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताते हुए समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

# आँखों में मिर्च झोंककर 9.5 लाख की लूट का पर्दाफाश

### सतना पुलिस को 24 घंटे में मिली बड़ी सफलता

**सतना।** भैंस व्यापारियों से नौ लाख पचास हजार रुपये की सनसनीखेज लूट का मामला सतना की कोलगवां पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर सुलझा लिया है। इस बड़ी कार्रवाई में न केवल लूट का खुलासा हुआ है,बल्कि आरोपियों के कब्जे से लूटी गई राशि भी बरामद कर ली गई है। फरियादी मोहम्मद नसीम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके मामा मकसूद सौदागर,जो भैंस खरीदी-बिक्री का व्यापार करते हैं,उन्नाव,उत्तर प्रदेश में भैंस बेचकर नौ लाख पचास हजार रुपये लेकर अपने ट्रक ड्राइवर बाल्मीक साकेत के साथ सतना पहुँचे थे। सतना में कारगिल ढाबा के पास रीवा की बस का इंतजार करते समय,बिना नंबर की एक काले रंग की अपाचे मोटर सायकिल पर तीन नकाबपोश लोग आए। मौका मिलते ही,उन्होंने नसीम और मकसूद की आँखों में मिर्ची पाउडर झोंक दिया और उन्हें कुछ दिखाई देने से पहले ही पैसों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोलगवां,निरीक्षक सुदीप सोनी के नेतृत्व में तुरंत टीमें गठित की गईं। मुखबिरों की सूचना,सीसीटीवी फुटेज और सायबर सेल की मदद से पुलिस ने त्वरित जाँच शुरू की। गहन पूछताछ के बाद यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि लूट की साजिश किसी और ने नहीं,बल्कि व्यापारियों के ट्रक चालक बाल्मीक साकेत ने अपने साथियों अंकित साकेत, सोहेल खान और निखिल मलिक के साथ मिलकर रची थी। योजना के तहत,सोहेल खान,निखिल मलिक और इरफान ने लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने इस पूरे मामले में शामिल पाँचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों केकब्जे से आठ लाख सत्तर हजार रुपये नगद,पाँच मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर सायकिल आदि सामान जप्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के नाम बाल्मीक साकेत,अंकित साकेत उर्फ बंटा,फैजान खान उर्फ सोहेल,निखिल मलिक और मोहम्मद इरफान है।

### राष्ट्र और समाज के जुड़ाव की दिशा में कारगर रहा है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**उद्योगपति पवन अहलूवालिया ने दी शताब्दी वर्ष पर बधाई**



**सतना।** मशहूर उद्योगपति एवं समाजसेवी पवन अहलूवालिया ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं विजयदशमी के पावन अवसर पर संघ के सभी स्वयंसेवकों और राष्ट्रवादियों को बधाई दी है। श्री अहलूवालिया ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष में प्रवेश करना न केवल संघ के लिए बल्कि समूचे देश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। संघ ने राष्ट्र और समाज के साथ जुड़ाव बनाने की निरंतर कोशिश की है और कामयाबी भी हासिल की है। उद्योगपति श्री अहलूवालिया ने कहा कि वे भले स्वयं कभी गणवेशधारी स्वयंसेवक नहीं रहे लेकिन संघ के सकारात्मक विचारों और देश को ऊंचाइयों की ओर ले जाने के उनके अथक प्रयासों के प्रति सदैव श्रद्धावनत रहे हैं। श्री अहलूवालिया ने कहा कि अपने शताब्दी वर्ष में संघ ने पंच परिवर्तन का जो आव्हान किया है वह राष्ट्र और समाज को आत्मनिर्भर,स्वावलंबी और एकबद्ध बनाए रखने में अत्यंत मददगार होगा। समरसता,पर्यावरण संरक्षण,कुटुंब प्रबोधन,स्वत्व और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का यह पंच परिवर्तन देश की दशा व दिशा में आमूल चूल परिवर्तन लाएगा ऐसी मेरी धारणा है। श्री अहलूवालिया ने कहा कि हमारे देश के लिए यह गौरव की बात है कि संघ के एक स्वयंसेवक नरेंद्र मोदी को देश का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त है और यह नेतृत्व हर वर्ग तथा हर समाज के लिए आत्मनिर्भर,स्वावलंबी और एकता में बांधे रखने की दिशा में निरंतर कारगर ढंग से प्रयत्नशील है।

# सांसद ने प्रिज्म सीमेंट कॉलोनी में की माँ दुर्गा की भव्य आरती

**सतना।** प्रिज्म सीमेंट कॉलोनी में शारदीय नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर माँ दुर्गा की आराधना एवं भव्य आरती का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सतना के यशस्वी सांसद गणेश सिंह उपस्थित हुए और माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना एवं आरती में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। सर्वप्रथम,सांसद गणेश सिंह का स्वागत डॉ.मनीष कुमार सिन्हा,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट,एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स,प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रों और देवी स्तुति के साथ हुआ। प्रिज्म सीमेंट कॉलोनी के निवासियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अवसर पर एकत्र हुए। माँ दुर्गा की ज्योतिर्मय आरती के दौरान पूरा परिसर “जय माता दी” के उद्घोष से गूँज उठा।महिलाओं एवं बच्चों ने भी पारंपरिक परिधान धारण कर भक्ति गीतों और गरबा-



डांडिया के माध्यम से माहौल को उल्लासमय बना दिया।सांसद ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्रि पर्व हमें शक्ति,भक्ति और एकता का संदेश देता है। उन्होंने इस प्रकार के सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि इससे समाज में सामूहिकता और सद्भाव की भावना प्रबल होती है। प्रिज्म सीमेंट प्रबंधन ने अपने संदेश में कहा कि कंपनी सामाजिक,धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को प्रोत्साहित करती रही है और आगे भी इस प्रकार के आयोजनों में सहयोग देती रहेगी। आरती के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में प्रेसीडेंट एंड प्लांटहेड मनीष कुमार सिंह, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट डॉ.मनीष कुमार सिन्हा,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट विनोद श्रीवास्तव,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट प्रवीण श्रीवास्तव के अलावा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मैहर में धूमधाम से मनाया गया विजय दशमी पर्व, 41 फीट ऊंचे रावण का हुआ वध

**मैहर।** मैहर में विजय दशमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया,जहां राम ने 41 फीट ऊंचे रावण का वध किया। इसके बाद नगर में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू किया गया।मैहर राजघराने के महाराज अक्षय राज सिंह जू देव द्वारा मैहर किले में बाके बिहारी की पूजा अर्चना के बाद दशहरा चल समारोह प्रारंभ हुआ।मैहर खेल मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जहां हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।रावण दहन के दौरान एक बड़ा हादसा टल गया जब रावण का जला हुआ ढांचा अचानक गिर गया। गनीमत रही कि मौके से कर्मचारी हट गए थे। जिला प्रशासन ने शहरीय क्षेत्र में बंधा,सोनवारी,तमस और घुसडू नदी के किनारे कुंड बनाकर विसर्जन की व्यवस्था की थी,जहां पुलिस बल प्रशासनिक अधिकारी और प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए विशेष रूप से क्रेन की व्यवस्था की गई थी।सुरक्षा की दृष्टि से चौक-चौराहों पर भारी पुलिस बल तैनात था और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जा रही थी।

### नदी के तेज बहाव में बहे व्यक्ति का शव 24 घंटे बाद बरामद

**मैहर/अमदरा।** मैहर के अमदरा के ग्राम बुढ़ागर में नहाने के दौरान नदी के तेज बहाव में बहे व्यक्ति का शव 24 घंटे बाद बरामद किया गया। एसडीआरएफ की टीम ने लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। यह मामला गुरुवार दोपहर का है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गुरुवार दोपहर जहान सिंह 45 वर्ष, निवासी बुढ़ागर शराब के नशे में धुत होकर नदी के किनारे नहाने पहुंचे थे और तेज बहाव में बह गए। परिजनों की सूचना पर पुलिस और स्थानीय गोताखोरों ने तलाश शुरू की,लेकिन अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन धीमा पड़ गया। रात में एसडीआरएफ की टीम ने ऑपरेशन बंद कर दिया था। शुक्रवार सुबह 7 बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन फिर शुरू किया गया,जिसके बाद दोपहर को शव नदी किनारे झाड़ियों में फंसा पाया गया। अमदरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### नवागत कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार ने पदभार ग्रहण किया



**पन्ना।** नवागत कलेक्टर ऊषा परमार ने शुक्रवार को सुबह कलेक्टर पन्ना का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर सुरेश कुमार सहित पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, डीएफओ गर्वित गंगवार एवं अनुपम शर्मा, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, एसडीएम संजय नागवंशी, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति एवं जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा भी उपस्थित रहे। नवागत कलेक्टर श्रीमती परमार द्वारा पदभार ग्रहण करने पर अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।

### ग्राम उमरहट में मनाई गई राष्ट्रपिता एवं शास्त्री की जयंती मंदिर में की साफ सफाई



**पवई।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत गुरुवार 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156 वीं जयंती पर ग्राम उमरहट में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा ने ग्राम पंचायत सरपंच एवं सभी ग्राम वासियों के साथ महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को मनाया। उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। एवं उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इसके अलावा 2 अक्टूबर 2014 से शुरू स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत सभी ने मंदिर प्रांगण में साफ सफाई की।

### दशहरा के दूसरे दिन नगर में भक्तों ने नम आंखों से मातारानी का किया विसर्जन



**गुनौर।** नगर में दशहरा के दूसरे दिन नगरवासियों ने जगह जगह विराजी मातारानी का विसर्जन ढोल नगाड़ों डीजे से किया जिसमें नगर परिषद के कर्मचारियों एवं पुलिस की उपस्थिति में गुन्नू सागर तालाब के बरा घाट में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया, इस अवसर पर भक्तों ने नम आंखों से मातारानी को विदाई दी और उनकी वापसी की प्रार्थना की। बड़ी संख्या में नगरवासी विसर्जन कार्यक्रम में शामिल हुए और मातारानी की पूजा-अर्चना की, दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसमें देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाती है, विसर्जन के एक दिन पूर्व रावण दहन किया गया था जिसके बाद नगर में जगह जगह विराजी मातारानी का विसर्जन हुआ।

# देवेन्द्र नगर में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम ने किया 40 फिट ऊंचे रावण के पुतले का दहन

**समदरिया मैदान में हुआ कार्यक्रम**

**चल समारोह में सम्मलित झांकियों व सभी विभागों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया सम्मानित**





**देवेन्द्रनगर।** असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी देवेन्द्रनगर में भी परम्परागत तरीके से शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। नगर दशहरा उत्सव समिति देवेन्द्रनगर के तत्वाधान में समदरिया ग्राउंड सतना रोड मे राम रावण संवाद व शिवाकाशी की बेहतरीन आतिशबाजी के बाद रात्रि बारह बजे मर्यादा पुरुषोत्तम वनवासी भगवान श्रीराम द्वारा अग्निबाण के द्वारा रावण के पुतले का दहन किया गया। राम रावण वध के पूर्व नगर के बालक बालिकाओं द्वारा दशहरा मैदान में शानदार नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें हजारों की संख्या में मौजूद दर्शकों ने कार्यक्रम की काफी सराहना की।एवं दशहरा उत्सव द्वारा उन्हें पुरुस्कार प्रदान किया गया। वहीं दशहरा समिति के अध्यक्ष ललित गुप्ता द्वारा समस्त अथतियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया। दशहरा चल समारोह में दिव्य रथ में वनवासी श्रीराम की झांकी जिसमें लक्ष्मण,हनुमान,विभीषण,सुग्रीव,अंगद,जामवंत के साथ वानर सेना थी। जो आकर्षण का केंद्र रही। चल समारोह में सम्मलित वनवासी राम की झांकी,चमन क्लब के द्वारा निर्मित झांकी,सोनू कुशवाहा द्वारा निर्मित झांकी,संसारी कुशवाहा द्वारा द्वारपाल,रामबाबू कुशवाहा द्वारा निर्मित झांकी व भूरा चैधरी द्वारा निर्मित झांकियों को शील्ड प्रदान की गईं।दशहरा कमेटी द्वारा विशेष पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं दशहरा को सफल बनाने में राजस्व विभाग,नगर परिषद,स्वास्थ्य विभाग,वन विभाग व विद्युत विभागों,पुलिस विभाग ने सहयोग प्रदान किया उन्हें भी कमेटी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर पुरुस्कृत किया गया। एवं रामलीला समिति,गनी साउंड सर्विस,आर के लाइट,भारती टेंट हाउस,रावण सरकार की वेशभूषा बनाने वाले,चेहरा तैयार करने वाले को सम्मानित किया।वहीं रामआसरे सोनकर थाना प्रभारी मय स्टॉफ के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक चैबंद रही। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमो का सफल संचालन व दशहरा कार्यक्रम का संचालन रमेश अग्रवाल,अभिषेक सिंह द्वारा किया गया व आभार व्यक्त दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष ललित गुप्ता द्वारा किया गया। दशहरा उत्सव कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ राजेश वर्मा,संरक्षक हरदेव सिंह परमार,शिवांगी गुप्ता अध्यक्ष नगर परिषद,ज्योति सिंह राजपूत तहसीलदार,डॉक्टर अभिषेक जैन सीबीएमओ,रामआसरे सोनकर थाना प्रभारी, के के तिवारी सीएमओ,उमेश पाण्डेय कनिष्ठ अभियंता विद्युत विभाग,एम एस बुंदेला उपयंत्री,शुभम तिवारी वनपरिक्षेत्राधिकारी का सराहनीय योगदान रहा।

## 20 वर्षीय युवक की पानी में डूबने से मौत, देवी विसर्जन के दौरान हादसा



**अमानगंज**

पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कूड़न में देवी विसर्जन के दौरान एक 20वर्षीय आदिवासी युवक तालाब के गहराई की ओर निकल गया जिससे पानी में डूब जाने से उसकी मौत होने का मामला सामने आया है। घटना के विषय में फरियादी मिठाई लाल पिता धन्नू आदिवासी उम्र 50 वर्ष निवासी कूड़न ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि इसका पुत्र रूप लाल पिता मिठाई लाल उम्र 20वर्ष गाँव में चल रहे देवी विसर्जन के दौरान तालाब में गहराई में चला गया। गांव वालों ने कई बार मना किया, लेकिन वह नहीं माना और फिर पानी में गुम हो गया। घटना की सूचना अमानगंज पुलिस को दी गई, जिस पर गोताखोरों का एक दल घटना स्थल पर पहुंचा और उनके सहयोग से पाताशजी में वह मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्यवाही के बाद शव का पीएम करवाया और शव परिजनों को सौंपा। तथा मर्ग कायम कर जांच प्रारम्भ कर की।

## विजयादशमी पर पुलिस लाइन पन्ना में पारंपरिक शस्त्र पूजन समारोह सम्पन्न



**पन्ना।** विजयादशमी (दशहरा) के पावन अवसर पर पुलिस लाइन पन्ना में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला शस्त्र पूजन कार्यक्रम इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खजुराहो लोकसभा सांसद माननीय श्री विष्णुदत्त शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, कलेक्टर श्री सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू भाजपा जिलाध्यक्ष श्री बृजेन्द्र मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री सतानंद गौतम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री संतोष यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चैहान, एसडीएम पन्ना श्री संजय नागवंशी, एसडीओपी पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल, थाना रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार, थाना प्रभारी कोतवाली सहितसहित जनप्रतिनिधि एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। आकर्षक रूप से सुसज्जित पंडाल में शस्त्रों और शासकीय वाहनों का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात परंपरा अनुसार हर्ष फायर (ैंसनजम थ्पतम) की रस्म ने समारोह की गरिमा और भव्यता को और बढ़ाया। मुख्य अतिथि श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि शस्त्र पूजन केवल परंपरा ही नहीं बल्कि सुरक्षा, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। उन्होंने पुलिस विभाग की अनुशासनप्रियता और सामाजिक-धार्मिक समन्वय की इस परंपरा की सराहना की।

# लेखापाल अशोक चनपुरिया हुये सेवानिवृत्त



**पन्ना।**

सर्व शिक्षा अभियान के तहत जनपद शिक्षा केन्द्र पन्ना में लेखापाल अशोक कुमार चनपुरिया अपनी अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर दिनांक 30 सितम्बर 2025 को सेवा निवत्त हुये। श्री चनपुरिया के सेवानिवृत्ती के अवसर पर जनपद शिक्षा केन्द्र पन्ना में भाव भीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बी.आर.सी.सी. डॉ. कविता त्रिवेदी ने श्री चनपुरिया के अपने कार्यालीन अनुभव साझा करते हुये शाल श्रीफल से सम्मान किया कार्यालय में पदस्थ बीएसी रवि डनायक, देवेश शर्मा, मनीष दुबे, कुलदीप त्रिवेदी, राधा रैकवार, आकांक्षा वर्मा लेखापाल इरफान मो. ने भी शुभ कामनाये प्रेषित करते हुये श्री चनपुरिया को पुष्पगुच्छ प्रदान किये। समारोह में रविन्द्र पटेल, जन शिक्षक सुधीर द्विवेदी, संजय सोनी, इन्द्रपाल बागरी साधना जैन के शेख सलीम एवं विमला सिंह के साथ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से पंकज श्रीवास्तव नागर जी भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष पर पन्ना नगर का विशाल एकत्रीकरण एवं पथ संचलन सम्पन्न



**पन्ना।** नगर में विजयदशमी पर अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा 2 अक्टूबर 2025 को विशाल पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम में सबसे पहले सुदर्शन बनवासी छात्रावास में सुबह 8 बजे पन्ना नगर के सभी स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण किया गया। सबसे पहले संघ की प्रार्थना के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता का बौद्धिक हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा निवृत प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र पाल सिंह परमार, मुख्य वक्ता सतना विभाग कार्यवाह अमित कनकने, विशिष्ट अतिथि जिला संघचालक रुद्र प्रताप सिंह यादव, एवं नगर संघालक संजय अग्रवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेंद्र पाल सिंह परमार ने कहा डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने संघ की स्थापना सन 1925 में नागपुर में की थी और संघ की पहली बैठक में पांच लोग ही उपस्थित हुए थे। लेकिन डॉक्टर साहब के कठिन परिश्रम और संघर्ष के बाद संघ में लाखों कार्यकर्ता जुड़ते चले गए और आज हमें इसका नया स्वरूप देखने को मिल रहा है। 100 वर्ष की लंबी यात्रा के दौरान संघ में कई उतार-चढ़ाव आए लेकिन संघ अपने पथ पर निरंतर बढ़ता गया। विभाग कार्यवाह मुख्य वक्ता अमित कनकने ने कहा कि संघ का स्वयंसेवक भावनात्मक रूप से संघ का कार्य करता है। इसलिए स्वयंसेवक के अंदर मतभेद हो सकता है लेकिन मन भेद नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि संघ में निस्वार्थ भाव से कार्य करता संघ का कार्य करते हैं। बौद्धिक के बाद सुदर्शन वनवासी छात्रावास से चार पंक्तियों में संचालन प्रारंभ हुआ जो अजयगढ़ चैराहा, बड़ा बाजार से होते हुए बलदेव मंदिर, कटरा बाजार, कोतवाली चैराहा, बस स्टैंड, बेनी सागर, आगरा मोहल्ला, गांधी चैक, पुरानी कचहरी से होते हुए पुनः सुदर्शन वनवासी छात्रावास में समापन किया गया। संचलन में घोष की ध्वनि से नगर के लोग रोमांचित हो रहे थे। पन्ना नगर के गणमान्य नागरिकों के द्वारा संचलन में चल रहे हजारों स्वयंसेवकों के ऊपर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। अंत में सभी स्वयंसेवक को स्वल्पाहार कराकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सह जिला कार्यवाह देवेंद्र सिंह राजपूत, जिला प्रचारक राजेंद्र सिंह, विभाग शारीरिक प्रमुख सुशील सेन, जिला शारीरिक प्रमुख गोविन्द रैकवार, नगर कार्यवाह कमलेश कुशवाहा, सह नगर कार्यवाह आकाश शर्मा, सहित पन्ना नगर के हजारों की संख्या में गणवेश धारी स्वयंसेवक शामिल हुए।

# सांसद खेल महोत्सव को ऐतिहासिक बनाएं, अधिकाधिक युवाओं की हो सहभागिता

**खजुराहो सांसद ने अधिकारियों के साथ की बैठक**



**पन्ना।** खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा है कि सांसद खेल महोत्सव में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के अधिकाधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित हो। इसमें खेल के अलावा साहित्यिक और सांस्कृतिक विधाओं में रूचि रखने वाले युवक-युवतियों का पंजीयन भी कराया जाए। आगामी दिवस में नमो मैराथन के लिए भी आवश्यक कार्यवाही करें। सांसद श्री शर्मा ने उक्ताशय के निर्देश शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खेल महोत्सव के दृष्टिगत संपन्न हुई विभागीय अधिकारियों की बैठक में दिए। इस अवसर पर उन्होंने सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत अब तक हुए पंजीयन तथा पूर्व तैयारियों की समीक्षा कर खेल महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए कहा। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि खेलों से देशभक्ति के साथ अनुशासन और कत्र्तव्य की भावना भी विकसित होती है। खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। यह युवाओं में नशामुक्ति एवं अन्य दुष्प्रभावों की रोकथाम में भी सहायक है। सांसद ने कहा कि शरीर और मन स्वस्थ्य होने से युवा देश की बेहतर तरक्की में भी भागीदार बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में निर्धारित विजन अनुरूप खेलों को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। खिलाड़ियों के लिए खेल संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं से छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अपने हुनर प्रदर्शन का बेहतर अवसर मिलेगा। बैठक में जानकारी दी गई कि खेल महोत्सव के तहत अब तक खजुराहो संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में 49 हजार 197 खिलाड़ियों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है। आगामी दिवसों में भी कार्ययोजना मुताबिक स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित अन्य युवाओं के अधिकाधिक पंजीयन कराने का प्रयास किया जाए। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि आयोजन के लिए तकनीकी टीम भी गठित करें। प्रत्येक स्तर पर चयन की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विभिन्न जागरूकता एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन कर आजीविका मिशन की युवा महिलाओं को भी इसमें शमिल करें। वृहद स्वरूप में खेल महोत्सव के सफल आयोजन के दृष्टिगत जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा अपनी भूमिका का निर्वहन किया जाए। साथ ही पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक भी ग्रामीण युवाओं को इसके लिए जागरूक करने का कार्य करें। इसमें सभी जनपद पंचायत सीईओ द्वारा आवश्यक समन्वय कर व्यापक प्रचार-प्रसार की कार्ययोजना भी निर्धारित की जाए। वन समितियों के माध्यम से भी लोगों को परंपरागत खेलों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अलावा एनएसएस, एनसीसी, नेहरू युवा केन्द्र और जनअभियान परिषद जैसी संस्थाएं भी इसमें सहभागी बनें। बताया गया कि प्रथम चरण में ग्राम स्तर पर, द्वितीय चरण में विकासखंड एवं मंडल स्तर पर, तृतीय चरण में विधानसभा स्तर पर और चतुर्थ चरण में जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। आगामी 25 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक ब्लॉक स्तरीय, 5 से 15 दिसम्बर तक विधानसभा स्तरीय, 15 से 20 दिसम्बर तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता प्रस्तावित है, जबकि 25 दिसम्बर को सांसद खेल महोत्सव का समापन होगा। समापन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे और युवाओं को संबोधित करेंगे। सांसद ने कहा कि प्रतियोगिता का शुभारंभ कटनी में और समापन पन्ना में होगा। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर खेल मैदान को सुव्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए गए। सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने बैठक में सोयाबीन उत्पादक किसानों के हित में संचालित भावांतर योजना में पंजीयन और विक्रय के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक प्रबंध की समीक्षा की गई। साथ ही जिले में लगभग 2500 हेक्टेयर में सोयाबीन बोवनी वाले किसानों के सुगम पंजीयन के प्रबंध सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि 3 अक्टूबर से भावांतर योजना में पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। कृषक 17 अक्टूबर तक विभिन्न माध्यमों से पंजीयन करा सकेंगे। यह योजना 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक प्रभावशील रहेगी। इसके तहत किसानों को 15 दिवस में भावांतर राशि का भुगतान आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। कृषक सोसायटी स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्र अथवा ग्राहक सेवा केन्द्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क या एमपी किसान एप पर पंजीयन कराने के उपरांत किसी भी मंडी में अपनी उपज बेच सकेंगे। योजना के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य से लेकिन मंडी मॉडल रेट से अधिक भाव प्राप्त होने पर विक्रय मूल्य और समर्थन मूल्य के अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा, जबकि एमएसपी और मंडी मॉडल रेट दोनों से कम भाव प्राप्त होने पर मंडी मॉडल रेट व एमएसपी के अंतर की राशि भुगतान की जाएगी।

# 40 फीट ऊँचे रावण दहन ने किया जनमानस को मंत्रमुग्ध

**देवेंद्रनगर**

:असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी इस वर्ष देवेंद्रनगर में अभूतपूर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। 15–20 वर्षों में पहली बार रिकॉर्ड तोड़ भीड़ उमड़ी और अनुमानित 20,000 से अधिक लोग परिवार सहित इस भव्य आयोजन के साक्षी बने। नगर परिषद और समिति की ओर से विशेष बैठक व्यवस्था, रोशनी, सुरक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे नगर को दिव्य वातावरण से भर दिया।*चल समारोह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बाँधा समां*समदरिया मैदान सतना रोड पर देर रात तक आयोजित कार्यक्रम में बच्चों और बालिकाओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। चल समारोह में वनवासी श्रीराम की भव्य झांकी रथ पर सजी, जिसमें लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, विभीषण, अंगद, जामवंत और वानर सेना आकर्षण का केंद्र बने। इसके अलावा चमन क्लब, सोनू कुशवाहा, संसारी कुशवाहा, रामबाबू कुशवाहा व भूरा चौधरी द्वारा निर्मित झांकियों ने लोगों को विशेष रूप से प्रभावित किया। सभी उत्कृष्ट झांकियों और विभागीय सहयोगियों को स्मृति चिन्ह और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### आतिशबाजी और रावण दहन का अलौकिक नजारा

रात्रि बारह बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने अग्निबाण से 40 फीट ऊँचे रावण का दहन किया। इससे पूर्व 'राम-रावण संवाद' और शिवाकाशी की शानदार आतिशबाजी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मैदान में गूँजते जयघोष और आसमान को रोशन करती आतिशबाजी ने दशहरा पर्व को अविस्मरणीय बना दिया।



### भंडारे और रामकथा से महका नगर

नगर के आर.के. गार्डन में चल रही श्रीराम कथा और भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भागवत कथा और अन्य पंडालों में भी भंडारे का आयोजन हुआ, जिससे लोगों ने प्रसाद और भोजन का आनंद उठाया। पूरा नगर जगमग रोशनी और उत्सवी रंगों से सराबोर रहा। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने खुले मन से मेले और दुकानों का आनंद लिया।*प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सराहनीय भूमिका*दशहरा उत्सव समिति ने राजस्व विभाग, नगर परिषद, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग और पुलिस विभाग को विशेष रूप से सम्मानित किया। थाना प्रभारी रामआसरे सोनकर मय स्टाफ ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखा। कार्यक्रम में विधायक डॉ. राजेश वर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष शिवांगी गुप्ता, तहसीलदार ज्योति सिंह राजपूत, डॉ. अभिषेक जैन, के.के. तिवारी सीएमओ, उमेश पाण्डेय और शुभम तिवारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# बुंदेली आइडियल का भव्य समागम, एक मंच पर चमके बुंदेली सितारे

**प्रतिभाओं का किया सम्मान, चयनित डिप्टी कलेक्टर और रेंजर का मंच से सम्मान किया गया**





**पन्ना।** हिंदू युवा उत्सव समिति के तत्वावधान में नवमी के अवसर पर बुंदेली आइडियल समागम का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पबई प्रहलाद लोधी रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एव भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सदानंद गौतम, वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री सुशील कुमार त्रिपाठी ने की। नवरात्रि के पावन अवसर पर देवी मां को प्रसन्न करने रात्रि जागरण किया गया पवई की कलेही माता की आशीर्वाद से यह रात्रि जागरण किया गया जिसमें पवई नगर की सभी श्रद्धालु भक्त सब परिवार पहुंचे और भारी संख्या में भक्तों ने देवी मां के भजनों का श्रवण किया कार्यक्रम में बुंदेली आइडियल की विजेता मुस्कान प्रजापति, उपविजेता परशुराम अवस्थी, पन्ना की बेटी सहजन सोनी, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार प्रिया सेन, ज्योति पटेल, पवई की बेटी पूर्णिमा मिश्रा तथा साक्षी बताओ का गाना गाकर दर्शकों का मन मोहने वाले चंद्रभान वासुदेव सहित अनेक बुंदेली कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान बुंदेली संस्कृति का रंग मंच पर झमाझम बिखरा। इस अवसर पर भाजपा नेता सदानंद गौतम ने कहा कि ष्शक्ति की उपासना का यह पर्व हमें मानसिक व आध्यात्मिक बल प्रदान करता है, वहीं मंच पर उपस्थित कलाकार और अतिथि समाज को नई ऊर्जा देने का कार्य कर रहे हैं। मंच पर पवई की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिसमें डीएसपी प्रियांशु पांडे और वन परिक्षेत्र अधिकारी दुर्गेश पांडे को अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। इसके अलावा जो सोशल मीडिया में अच्छा फॉलो प्राप्त कर रहे हैं और विद्यासागर गौशाला के संचालक का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पवई श्रीमती आनंद मोहिनी मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता मौजूद रहेकार्यक्रम का सफल संयोजन हिंदू युवा उत्सव समिति की निधि पटेरिया एवं कृष्ण प्रताप सिंह कान्हू राजा द्वारा किया गया।

# खमरिया मोड़ के पास विसर्जन करने जाते वक्त देवी भक्तों को बोलेरो ने कुचला, 14 लोग घायल दो की मौत

**वहीं पुलिस अधीक्षक पन्ना ने मीडिया के समक्ष 14 लोगों की घायल होने की पुष्टि की है**

**चल जुलूस में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने जा रहे थे खमरिया निवासी**

**पवई अस्पताल में विधायक एसडीओपी थाना प्रभारी मौजूद**

**प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान दो की मौत**



**पवई।** पवई से लगभग 5 किलोमीटर दूर मोहंद्रा मार्ग पर खमरिया मोड पर उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया,जब ग्राम के खमरिया के लोग दशहरा पर्व पर चल जुलूस लेकर दुर्गा मां का विसर्जन करने तालाब जा रहे थे, तभी पवई मोहन्द्रा मार्ग पर खमरिया मोड में लगभग 7 बजे जैसे ही पहुंचे पवई की ओर से तेज रफ्तार बोलेरो मोहन्द्रा की ओर जा रही थी, बोलेरो ने सीधे टक्कर मार दी,तेज गति होने से पहले मोटरसाइकिल सवारो को कुचला, फिर चल जुलूस में शामिल लगभग 14 लोग को कुचल दिया। घायलों को तत्काल पवई स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को कटनी जबलपुर के लिए रेफर किया गया। जानकारी मिलते ही पवई विधायक प्रहलाद लोधी भी पवई स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे व कटनी कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक,पन्ना कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को इसकी जानकारी दी और हर संभव मदद करने की बात कही। ड्राइवर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और जहां शुरू कर दी है,कि कहीं यह हादसा है, या कोई सोची समझी साजिश तो नही।

### बुलेरो हादसे के बाद ग्रामीणों का आक्रोश, खमरिया मोड़ पर चक्का जाम

पन्ना जिले के पवई थाना क्षेत्र अंतर्गत खमरिया मोड़ पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए भीषण हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार की सुबह पवई-मोहोन्द्र मार्ग पर चक्का जाम कर दिया।जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। प्रदर्शन कारी घटना की उच्चस्तरीय जांच,मृतको व घायलों के परिजनों को मुवावजा दिलाए जाने की मांग पर अड़े रहे। मौके पर भारी पुलिस बल प्रशासिनक अधिकारी पहुँचे। जिन्होंने ने ग्रामीणों को समझाने में की कोशिश की।करीब दो घंटे तक मौके पर स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। अधिकारियों के अस्वाशन के बाद लोगों ने जाम खोला।और मामले को शांत करवाया गया।

## खबर संक्षेप

### छोटे भाई ने बेटों के साथ मिलकर बड़े भाई को पीटा



**छतरपुर।** शहर के महोबा रोड पर गुरुद्वारे के पास एक युवक शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था और जब उसके बड़े भाई ने उसे रोका तो उसने अपने बेटों के साथ मिलकर बड़े भाई के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित बड़े भाई ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं जिला अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 9:30 बजे महोबा रोड पर गुरुद्वारे के पास बबलू वर्मा शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था, जिस पर उसके 65 वर्षीय बड़े भाई बाबूलाल वर्मा ने उसे रोकने की कोशिश की। इसी बात से नाराज होकर बबलू ने अपने पुत्र प्रिंस और तरुण के साथ मिलकर बाबूलाल पर हमला कर दिया। बाबूलाल को बचाने पहुंचे उसके पुत्र विजय कुमार के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। घायल अवस्था में पिता-पुत्र को कोतवाली थाने ले जाया गया जहां उनकी शिकायत पर मामला दर्ज हुआ। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। बताया गया है कि दोनों परिवारों के बीच अक्सर विवाद होता रहता है, इससे पहले भी कई बार दोनों पक्षों में गाली-गलौज हो चुकी है। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि आरोपी पक्ष पर मारपीट की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### पर्यटन नगरी में गांधी जयंती पर निकली प्रभात फेरी निकाली



**खजुराहो।** गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर नगर परिषद ने गांधी चौराहे पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कलेक्टर छतरपुर के मार्गदर्शन और मुख्य नगरपालिका अधिकारी बसंत चतुर्वेदी के निर्देशन में प्रभात फेरी निकाली गई। साथ ही स्वच्छता एम्बेसडर और सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार (पप्पू अवस्थी), उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बहादुर पाल, पार्षद राजकुमारी दुबे, दुर्गा पटेल, राजाराम पटेल, जनप्रतिनिधि कपिल प्रताप सिंह बुंदेला, वीरू सिगोट, रामेश्वर अहिरवार, सोनू नहार, सफाई मित्र केतकी, रेखा, शांति, महेश, रमेश, सेवक, आशाराम सहित अन्य लोग शामिल हुए। नगर परिषद की ओर से संदीप राजपूत, महेश ओमरे, राजेश, सुरेंद्र, अरविंद, मान सिंह, राहुल, रवि, अरविंद यादव, संतोष, वीरेंद्र आदि उपस्थित रहे। स्वच्छता निरीक्षक संदीप राजपूत ने सभी जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। प्रभात फेरी में स्वच्छता का संदेश दिया गया, और सफाई मित्रों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### मेला ग्राउंड में हुआ क्रेन की मदद से आकाश में हुआ राम-रावण के बीच भीषण युद्ध

# धर्म की रक्षा के लिए भगवान राम ने किया रावण का अंत, लेट-लतीफी से लोग परेशान



**छतरपुर।** जिला मुख्यालय पर दशहरे के दिन होने वाला रावण दहन का कार्यक्रम बीती शाम शहर के मेला मैदान में संपन्न हुआ। क्रेन की मदद से भगवान राम और रावण के बीच आकाश में भीषण युद्ध की लीला हुई और इसके बाद धर्म की रक्षा के लिए भगवान राम ने आततायी रावण की नाभि में मौजूद अमृत को सुखाकर उसका अंत कर दिया। हालांकि इस दौरान रावण दहन देखने के लिए मेला मैदान में एकत्रित हुए लोग कार्यक्रम में हुई देरी से बेहद परेशान नजर आए और इसके बाद लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी तकलीफ जाहिर की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस वर्ष रावण दहन का कार्यक्रम श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति के संयोजन में संपन्न हुआ। समिति ने प्रशासन द्वारा रावण दहन कार्यक्रम के लिए निर्धारित किए गए स्थान मेला ग्राउंड में 51 फीट ऊँचे रावण के पुतले का निर्माण कराया था। इसके साथ ही राम-रावण युद्ध की लीला को रोचक बनाने के लिए समिति ने क्रेन मशीनों की व्यवस्था की थी। सर्वप्रथम गल्लामंडी के रामचरित मानस मैदान से शोभायात्रा के स्वरूप में भगवान राम अपनी सेना के साथ मेला ग्राउंड पहुँचे। मेला ग्राउंड के मंच पर अतिथियों ने भगवान गणेश, श्रीराम, माँ अन्नपूर्णा और भारत माता की आरती की। तत्पश्चात मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, छतरपुर विधायक ललिता यादव, विशिष्ट अतिथि धर्माचार्य राघवेंद्र मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति-सुरेंद्र चौरसिया, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एमपीएन खरे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह, भाजपा नेता मोनू यादव ने मंच से अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों के उद्बोधन के उपरांत राम-रावण युद्ध शुरू हुआ, जो विशेष आकर्षण रहा। दरअसल, इस बार आयोजन समिति ने राम-रावण युद्ध के लिए क्रेन मशीनों की व्यवस्था की थी, जिनके सहारे दोनों रथ आकाश में उड़े। भीषण युद्ध के बीच विभीषण ने भगवान राम को रावण की नाभि में मौजूद अमृत का रहस्य बताया, जिस पर अपने बाण से प्रहार कर भगवान राम ने आततायी रावण का अंत किया। रावण का अंत होते ही पूरा परिसर जय श्री राम के नारों से गूँज उठा।

### इस वर्ष भी गोधूलि बेला में नहीं हो सका रावण दहन

पौराणिक ग्रंथों के अनुसार, भगवान राम ने रावण का अंत गोधूलि बेला में किया था, जिसके अनुसार संपूर्ण भारत में रावण दहन का समय गोधूलि बेला को माना जाता है, लेकिन छतरपुर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ऐसा नहीं हुआ। मंचीय कार्यक्रम में देरी के चलते रावण का दहन रात 12 बजे के बाद हुआ, तब तक ज्यादातर लोग अपने-अपने घर जा चुके थे। बाद में लोगों ने आयोजन में देरी पर कटाक्ष करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर अपनी नाराजगी जाहिर की।

### कम रखी गई विस्फोटक की मात्रा, नहीं जला रावण



रावण दहन के लिए निर्धारित स्थान मेला ग्राउंड के आसपास कलेक्टर कार्यालय, जिला न्यायालय, जनपद पंचायत और नगर पालिका परिषद के कार्यालय होने के चलते सुरक्षा के मद्देनजर रावण के पुतले में विस्फोटक और ईंधन की मात्रा कम रखी गई थी, जिस कारण से पुतला जलाने में भारी परेशानी हुई। जब पुतले में आग लगाई गई तो पुतला पूरी तरह नहीं जल सका, सिर्फ उसके हाथ और पैर जले। जब पुतला पूरी तरह नहीं जल पाया, तो उसे जबरन नीचे गिराया गया। इस बीच कई लोग पुतले के अवशेष लेकर भागते नजर आए। कुछ लोग पुतले की आँखें लेकर भाग गए तो कुछ ने पुतले की मूँछें नोच डालीं।

## बाईक सवार दपंती को नशे में धुत्त छोटा हाथी चालक ने मारी टक्कर दोनों की हालात गंभीर, मतगुवां पुलिस ने नहीं किया मामला दर्ज

### जिला अस्पताल में डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर होने पर किया ग्वालियर रेफर



**छतरपुर।** बीते दिनों मतगुवां थाना अंतर्गत पेट्रोल पंप के पास बाईक सवार दपंती को नशे में धुत्त छोटा हाथी चालक ने सामने से टक्कर मारी थी, जिसमे दोनो की हालत गंभीर होने पर 112 पुलिस वाहन से जिला अस्पताल लाया गया था। जहां पर डॉक्टरों ने हालात गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया था। घायलों के परिजनों ने बताया कि भैया और बहू की हालत बहुत गंभीर है, और दोनों के हाथों में फैक्चर है, सर में भी गंभीर छूट आई हुई है, के आरोप घायलों के परिजनों ने लगाए हैं।

सिटी कोतवाली के अंतर्गत पठापुर रोड़ साहू की चक्की के पास रहने वाले साहू दपंती 1 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे अपनी बाईक से टीकमगढ़ जा रहे थे। तभी सागर रोड़ में मतगुवां थाना अंतर्गत पेट्रोल पम्प के पास सामने से आ रहे छोटा हाथी क्रमांक एमपी 16 एल 0834 के चालक ने तेज रफ्तार नशे में धुत्त व लापरवाही से चलाकर सामने से बाईक में टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार साहू दपंती गंभीर रूप से घायल हो गए, और घटना के बाद छोटा हाथी सड़क पर ही पलट गया। इस सड़क दुर्घटना में घायल साहू दम्पति में प्रकाश साहू उम्र 35 बर्ष और उसकी पत्नी ममता साहू उम्र 32 बर्ष शामिल है। दोनों घायल को डायल 112 एफआरव्ही वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मेडीकल कॉलेज ग्वालियर रेफर कर दिया था। गरीबी के चलते ग्वालियर में प्राथमिक जांचे और उपचार होने के बाद साहू दम्पति को परिजन फिर से छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। प्रकाश साहू के सिर में चोट बताई जा रही है और हाथ में फैक्चर है जिसका आपरेंशन होना है वहीं पत्नी ममता साहू को भी चोटें आई, और हाथ फैक्चर होना डॉक्टर ने बताया। घटना के बाद परिजन मातगुवां थाने रिपोर्ट कराने पहुंचे तो उनकी रिपोर्ट नही लिखी गई। परिजनों का आरोप है कि मातगुवां थाना पुलिस ने कहा की पहले घायल को थाने लायें, जिसके बाद रिपोर्ट लिखी जाएगी, परिजन लगातार दो दिन से थाने के चक्कर लगा रहें है। लेकिन उनका कहना है कि रिपोर्ट नही लिखी जा रही और न ही पुलिस ने दुर्घटना करने वाले वाहन को जप्त किया है। जबकि घायल दपंती की मोटर साईकिल मातगुवां थाने में रख ली गई है। शासन के निर्देश है कि यदि कोई दुर्घटना होती है तो सबसे पहले उसको अस्पताल भर्ती कराएं उसके बाद रिपोर्ट लिखाएं, लेकिन मातगुवां थाना पुलिस इसको नही मान रही है। और घायल को पहले थाने लाने की बात कह रही है जिससे घायल साहू दम्पति के परिजन परेशान है और उनमें रोष भी है। घटना के 2 दिन बीत जाने के बाद भी मातगुवां थाने का कोई भी पुलिसकर्मी जिला अस्पताल घायलों के बयान लेने के लिए नही पहुंचा।

### अधीनस्थ अमले के ऊपर पुलिस अधीक्षक का नहीं है भय -

पुलिस अधीक्षक अगम जैन की सीधी कार्यशैली का लाभ जिले के थाना प्रभारी उठा रहें है। क्योंकि उन्हें इस बात का भय नही है कि कानून का उल्लंघन करने पर पुलिस अधीक्षक उन्हें दण्डित करेगें। यही कारण की पुलिस कर्मचारी जनता की सुनवाई न करके मनमानी कर रहें है, और लापरवाही भी बरत रहें है। पुलिसकर्मियों की लापरवाही के कई नमूने देखने को मिले है। पुलिसकर्मियों की लापरवाही के कारण ही जिला अस्पताल से कैदी राईफल लेकर भाग गया और एक पुलिसकर्मी चौबे तिराहे पर शराब के नशे में मिला जिसका बीडियो बायरल हुआ था। छत्रसाल चौराहे पर स्थित पुलिस चौकी में चखना और बोतल पाई गई थी जिसका भी बीडियो बायरल हुआ था। इसी तरह सिविल लाइन में भी एक आरक्षक बसूली के नाम पर

### गली गली में प्रसिद्ध होने के आरोप लग रहे हैं।

चर्चा है बाजार में कि कोतवाली में भी दो आरक्षक परमानेंट इसी काम में लगे हुए है। ट्राफिक पुलिस का कहना ही क्या चाहे जिस रोड़ पर देखो उसी रोड़ पर चैकिंग के नाम पर बसूली करते मिल जायेंगे। केवल यह बसूली तक ही सीमित नही है, बल्कि वाहन चालकों से अभद्र व्यवहार भी करते है। पूर्व पुलिस अधीक्षक ने आते ही इस तरह की अबैध बसूली को बंद कराया था। अब तो थाने ठेके पर भी चलने लगे है ऐसी चर्चाएं पुलिस के खाकी बर्दी धारी कर रहे है। यह हम नही कह रहें बल्कि इस तरह के आरोप प्रत्यारोप लग रहें है। एक चौकी प्रभारी ने अपना नाम न छापने की शर्त पर यह दुखड़ा रोया था कि मुझे टीआई से लेकर आईजी तक अपना हिसाब रखना पड़ता है। अब इन आरोप प्रत्यारोपो पर सच्चाई क्या है। यह पुलिस अधिकारी जानने का प्रयास करें, ताकि खाकी बर्दी की गरिमा बनी रहें।

### इनका कहना है -

घायलों को मैने ही डायल 112 के द्वारा जिला अस्पताल भेजा था, और दुर्घटना के बाद सड़क पर पल्टे छोटा हाथी को जेसीबी से उठवाकर एक तरफ रखबाया था। मैने घायल के परिजनों से थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कहा था। क्योंकि जो घटना का प्रत्यक्षदर्शी होगा, उसी के आधार पर रिपोर्ट लिखी जाएगी, लेकिन कोई रिपोर्ट लिखाने नही आया।

**अंकुर चौबे**
**मातगुवां थाना प्रभारी**

## कलेक्टर के निर्देश पर ड्रग इंस्पेक्टर ने विभिन्न मेडीकल स्टोर की जांच की, अनियमितताएं पाए जाने पर 4 मेडीकल संचालकों को नोटिस जारी

### मेसर्स गुड हेल्थ ड्रग हाऊस छतरपुर का ड्रग लाइसेंस निरस्त

**छतरपुर।** जिले में दवाओं के विक्रय में सतत निगरानी एवं नशीली दवाओं के विक्रय की रोकथाम के लिए छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता के मार्गदर्शन में मेडिकल स्टोरों की ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा जांच की गई। 30 सितम्बर को सटई में मेसर्स गायत्री मेडिकल, जनरल स्टोर्स, मेसर्स श्री सतगुरु मेडिकल स्टोर एवं मेसर्स मॉ मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। जिसमें मेसर्स मॉ मेडिकल स्टोर सटई से दो दवाओं के नमूने जांच के लिए गए। औषधि निरीक्षक के द्वारा दवा दुकानों के विगत दिवस किए गए निरीक्षण के दौरान दुकान का संचालन औषधि एवं सौन्दर्य प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के अनुसार नही पाये जाने एवं विभिन्न अनियमितताओं के पाये जाने के कारण औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा मेसर्स श्री अरबिंदो मेडिकोज छतरपुर, मेसर्स एस. बी. फार्मा छतरपुर, मेसर्स शिवम मेडिकल स्टोर बडामलहरा एवं मेसर्स नटराज फार्मा एवं जनरल एजेंसीज बडामलहरा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। मेसर्स मानस मेडिकल स्टोर छतरपुर का ड्रग लाइसेंस दो दिवस के लिए निलंबित किया गया तथा मेसर्स गुड हेल्थ ड्रग हाऊस छतरपुर को जारी ड्रग लाइसेंस निरस्त किया गया। साथ ही ड्रग इंस्पेक्टर के द्वारा समस्त दवा विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे दुकान का संचालन औषधि एवं सौन्दर्य प्रसाधन सामग्री के नियमानुसार ही करें। निरीक्षण के दौरान दुकान का संचालन नियमानुसार नहीं पाये जाने पर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## बगौता में शिवहरे परिवार के घर ईडी ने मारा छापा

### सुबह से लेकर शाम तक चलती रही जांच




**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम बगौता में शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शिवहरे परिवार के निवास पर छापा मारा। भोपाल से आई 5 सदस्यीय टीम, 4 पुलिसकर्मियों के साथ घर में दाखिल हुई और तभी से लगातार जांच जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई पूर्व नल फिटिंग ठेकेदार अनंतराम शिवहरे और पूर्व सब इंजीनियर मुकेश शिवहरे के निवास पर हुई है। मुकेश शिवहरे की पत्नी डॉ. सोनल शिवहरे भी परिवार की सदस्य हैं। बताया गया है कि ईडी की कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग या अन्य वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी हो सकती है, हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार्यवाही बेहद शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है। टीम द्वारा घर के अंदर दस्तावेजों सहित परिवार की संपत्ति की जांच की जा रही है।



### चर्चा का विषय बना वायरल वीडियो

दोपहर के वक्त एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें एक व्यक्ति खाद्य सामग्री लेकर शिवहरे परिवार के घर पर पहुँचाते नजर आया। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में यह चर्चा आम हो गई कि घर के अंदर अधिकारियों की खातिरदारी की जा रही है।

### महिला ने शिवहरे परिवार पर लगाए आरोप



शिवहरे निवास पर ईडी की कार्रवाई चल रही थी, इसी दौरान दोपहर के वक्त एक महिला यहाँ पहुँची, जिसके द्वारा अनंतराम शिवहरे पर प्लॉट पर कब्जा करने के आरोप लगाए गए। महिला ने बताया कि उसका नाम सोनम कुशवाहा है। करीब 8 साल पहले उसके पिता ने अनंतराम शिवहरे से 2 लाख रुपये उधार लिए थे। सोनम ने आरोप लगाया कि अनंतराम शिवहरे ने इन्हीं पैसों की वसूली की आड़ में धोखे से उसके पिता के प्लॉट की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली। सोनम के मुताबिक सागर रोड पर बगौता तिराहे के पास मौजूद प्लॉट की रजिस्ट्री अनंतराम शिवहरे ने अपने नाम कराई है और उसकी कीमत करीब 40 लाख रुपये है।

## विश्व अहिंसा दिवस पर गांधीवादियों ने बापू को दी श्रद्धांजलि

### गांधी आश्रम में हुई सर्वधर्म प्रार्थना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निकली सद्भावना रैली



**छतरपुर।** गुरुवार को शहर के गांधी आश्रम में महात्मा गांधी की 156वीं जयंती, लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती और दशहरा का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि न्यायाधीश राजेश दिवालिया, एसपी अगम जैन सहित शहर के समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों और स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में सर्वधर्म प्रार्थना और सद्भावना रैली निकाली गई। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम के दौरान गांधीजी, शास्त्रीजी और दशहर के महत्व पर चर्चा हुई। गांधी आश्रम की सचिव दमयंती पाणी ने कहा कि गांधी जयंती को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में पूरा विश्व मनाता है। उन्होंने बताया कि सुबह से सर्वधर्म प्रार्थना की गई, इसके बाद सद्भावना रैली निकली। कार्यक्रम में न्यायाधीश राजेश दिवालिया, एसपी अगम जैन शामिल, जिन्होंने बापू द्वारा दिखाए गए अहिंसा के मार्ग पर चलने का आवाहन किया और प्रेम, त्याग के साथ आपस में मिलजुल के रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी मानव एक समान हैं, पूरा विश्व एक परिवार है, अगर हम मिल-जुलकर नहीं रहेंगे तो हमारा अस्तित्व खत्म हो जाएगा। यह बात सिर्फ हमारे देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी यह मान्य है बापू का सत्य-अहिंसा वाला मार्ग समाज के लिए लाभकारी है।

## जुए के अड्डे पर पुलिस ने मारा छापा, 5 जुआरी गिरफ्तार




**नौगांव/छतरपुर।** थाना क्षेत्र की लुगासी चौकी अंतर्गत ग्राम दौनी में जुए के अड्डे पर छापा मारकर पुलिस ने 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है, जबकि पांच अन्य जुआरी फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। सभी के विरुद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात पुलिस को ग्राम दौनी में जुआ चलने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा, जहां एक घर के बाहर जुआ खेल रहे गनपत पुत्र देवकी नंदन कुशवाहा, सुरेश पुत्र हरिचरन कुशवाहा, दुर्जन पुत्र रामदयाल साहू, ब्रजेश पुत्र मुन्नीलाल कुशवाहा सभी निवासी दौनी और बृजकिशोर पुत्र ब्रजलाल कुशवाहा निवासी महेड़ हरपालपुर को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 15 हजार 220 रुपये नगद और ताश की गड्डी बरामद की गई है। इसके अलावा अन्य जुआरी बिहारी कुशवाहा, बब्लू यादव, मनोज कुशवाहा, हल्के कुशवाहा, और प्रीतम कुशवाहा सभी निवासी दौनी फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है।

# नौ दिन की उपासना के बाद हुई देवी मां की विदाई



### जिले भर में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन चुस्त रही व्यवस्था

**छतरपुर।** 9 दिनों तक आदिशक्ति मां दुर्गा की उपासना के बाद गुरुवार को भक्तों ने विधि-विधान से मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जित करते हुए विदाई दी। संपूर्ण जिले के चिन्हित जलस्त्रोतों में प्रशासन और पुलिस की चौकस निगरानी के बीच प्रतिमाओं को विसर्जित कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी स्थानों पर प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल के साथ गोताखोरों की टीमों को भी तैनात रहीं।

नौगांव क्षेत्र से निकली धसान नदी के गर्रोली घाट पर दिन भर प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर चला। यहां जिला मुख्यालय तक से भक्तों की मंडली प्रतिमाओं को विसर्जित करने पहुंची। डीजे पर देवी मां के विदाई गीत बजाते हुए भक्त घाट पर पहुंचे, जहां प्रतिमाओं की अंतिम आरती उतारकर विधिपूर्वक विसर्जन किया गया। नौगांव तहसीलदार रमेश कोल ने बताया कि गर्रोली घाट में प्रतिमाओं का विसर्जन प्रातःकाल से शुरु हो गया था। यहां नौगांव नगर पालिका द्वारा बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए हाइड्रा की व्यवस्था की गई साथ ही बैरिकेड्स भी लगाए गए, जिनके अंदर किसी व्यक्ति जाने नहीं दिया गया। गोताखोरों की टीम द्वारा प्रतिमाओं को गहराई में ले जाकर विसर्जित किया गया, जिससे दिन भर में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ की टीमों को भी घाट पर तैनात रखा गया है, जो लोगों पर नजर बनाए हुए हैं।

### पचेर घाट पर भी दिन भर चला विसर्जन



इसी तरह ईशानगर क्षेत्र के पचेर घाट पर भी दिन भर प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। देवी प्रतिमाओं को गाजे-बाजे के साथ घाट पर ले जाया गया और पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन हुआ। इस दौरान कई भक्तों की आंखें नम दिखाई दीं। प्रशासनिक अधिकारियों ने घाट पर लाइट और बैरिकेडिंग की व्यवस्था रखी। पचेर घाट पर बड़ी संख्या में प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। थाना प्रभारी मनोज गोयल, आरआई नंदलाल अहिरवार, पटवारी अभिषेक गोस्वामी, वीरेंद्र आचार्य और शंकर लाल ने एनडीआरएफ की टीम के साथ निगरानी की।

# जिले में 450 वर्षों पुरानी शाही परंपरा के साथ धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी
# बुराई पर अच्छाई की जीत, धू-धू कर जले रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले

रीवा ।

बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयदशमी जिले में धूमधाम से मनाया गया। शहर से लेकर नगर परिषद व ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले दहन किए गए। इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे को दशहरे की शुभकामनाएं दी। लोगों ने देश को स्वच्छ बनाने के साथ गंदगी रूपी रावण के वध का भी संकल्प लिया। शहर मे एनएनसीसी मैदान में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। असत्य और बुराइयों का अंततः नाश होता ही है, अहंकारी रावण के वध के साथ एक बार रामलीला के मंचों से यही संदेश दिया गया। रात को रंगारंग आतिशबाजी के बीच श्रीराम ने अंतिम तीर चलाया और देखते-देखते हुए रावण का विशालकाय पुतला जलकर खाक हो गया। इससे पहले कुंभकरण और मेघनाद भी मारे गए। रावण के मारे जाते ही आकाश श्रीराम की जयघोष से गूंजने लगा। बता दे एनसीसी मैदान में शाम 6 बजे के रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रीवा राजघराने की युवराज दिव्यराज सिंह रहे। शाम 6:30 रीवा किला की गद्दी पर विराजे राजाधिराज भगवान राम की गई विशेष पूजा की गई, गद्दी पूजन के बाद किला से शुरू हुआ चल समारोह का आयोजन शुरू हुआ रथ मे सवार होकर आगे आगे चली भगवान राम की सवारी. सेवक के रूप मे उपस्थित रीवा राजघराने के राजकुमार दिव्यराज सिंह. पीछे पीछे चली माँ दुर्गा की सुन्दर झाकियां देखने को मिली, सवारी शहर में फोर्ट रोड घोड़ा चौराहा साईं मंदिर से होते हुए कॉलेज चौराहा से एनसीसी मैदान पहुंचे जहां नगर विजय उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रकाश तरानी संरक्षक सियाराम गुप्ता, संरक्षक भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने युवराज का स्वागत किया, जिसके बाद राम-लक्ष्मण हनुमान की पूजा-अर्चना की गई। ठीक 12 बजे 51 फीट के रावण और 45- 45 फीट के कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। श्रीराम के रावण की नाभि में बाण मारते ही दशानन का अहंकार धू-धूकर जल गया। सबसे पहले मेघनाद, फिर कुंभकरण और सबसे अंत में रावण का दहन किया गया। जिसके बाद जमकर आतिश बाजी हुई। रावण दहन के साथ ही पूरे परिसर में जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान हो गया। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए मौके पर नगर निगम का दमकल वाहन और पुलिस प्रशासन मौके मौजूद रहा। रावण दहन के बाद सभी ने एक दूसरे को विजयादशमी की बधाई दी। पुतला दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। मैदान में रावण दहन से पूर्व विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया. प्रयागराज और बनारस से आए संगीतकारो समा बांध दिया।बॉक्स आतिशबाजी ने मोहा मनमंद-मंद मुस्काराते रावण कुनबे के पुतलों से निकलने वाली आतिशी बारिश ने लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान रंग-बिरंगी आतिशबाजी के नजारे का लोगों ने लुत्फ उठाया। कारीगर ने रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों में हजारों पटाखे लगाए गए।बॉक्स गद्दी पूजन के बाद शुरू हुआ ऐतिहासिक दशहरे का पर्व गुरूवार की शाम विजयादशमी के अवसर पर सैकड़ो वर्ष पुराने ऐतिहासिक पल को दोहराया गया, रीवा किला में सबसे पहले गद्दी पूजन का आयोजन किया गया, जिसमे राज पुरोहितों के द्वारा वेदों के मंत्र उच्चारण के साथ राजसी अंदाज में पूजा अर्चना की गई, रीवा रियासत के 37वें महराजा पुष्पराज सिंह व उनके पुत्र युवराज दिव्यराज सिंह ने अपने आराध्य राज सिंहासन में विराजे राजाधिराज भगवान राम की विशेष पूजा अर्चना की, इस दौरान राजपरिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे, इसके बाद किला के बाहर प्रतीक्षा कर रही प्रजा को राजा ने दर्शन दिए। अब तक बघेल वंश से 37 पीढ़ियों तक के राजाओं ने राजपाठ संभला, तब से लेकर अब तक एक भी राजा राज सिंहासन में विराजमान नहीं हुए और भगवान राम सीता सहित लक्ष्मण को राजाधिराज के रूप में स्थापित किया और राजगद्दी श्रीराम के नाम करके उन्हें अपना आराध्य माना और खुद प्रशासक के रूप में काम करते हुए उनकी सेवा करते रहे, इसके बाद से प्रत्येक वर्ष दशहरे के दिन विधिवत राजसी अंदाज में पूजा अर्चना का प्रचलन शुरू हुआ और रियासत के प्रत्येक महाराजा इस परंपरा को उसी शाही अंदाज में निभाते चले आए। परम्परा का निर्वहन करते हुए महाराजा पुष्पराज सिंह व युवराज दिव्यराज सिंह ने मंच से नीलकंठ पक्षी को आकाश की ओर उड़ाया और इसी दौरान पान खाने की परम्परा भी निभाई गई, इसके बाद हर वर्ष की तरह विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करके देश और विंध्य का नाम रोशन करने वालें महान लोगों को महाराज पुष्पराज सिंह के द्वारा पुरुस्कृत भी किया गया।









## खबर संक्षेप

### 8 अपराधियों को किया जिला बदर, चार अपराधियों को थाने में उपस्थिति के दिये आदेश

रीवा । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 8 आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने 4 अपराधियों को एक वर्ष तक प्रतिमाह संबंधित थाने में उपस्थिति के आदेश भी दिये हैं। जगतपाल सिंह उर्फ जगतपाल लोनिया निवासी जयस्तंभ कबाड़ी मोहल्ला रीवा, ललई शर्मा उर्फ सूर्यभान शर्मा निवासी सेमरिया, विजय पासी निवासी बेलौहन टोला रीवा, अमन मिश्रा उर्फ राक्स निवासी समानबांध गुलाब नगर रीवा, सानू उर्फ बाबा भट्ठी निवासी जालिम बाबा के पास बिछिया, नीरज माझी निवासी वार्ड क्रमांक 4 त्योंथर, सूरज प्रजापति निवासी चिरहुला मंदिर के पास रीवा तथा रामसुंदर उर्फ मुन्नू निवासी रैकवार पनवार को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। जबकि मोहम्मद शरीफ निवासी चिकान टोला रीवा, मंसूर मंसूरी निवासी कोपरेटिव बैंक के पीछे तरहटी रीवा, रहमान खान निवासी आशोक पेड़ के पास तरहटी रीवा एवं राजसिंह परिहार निवासी पुष्पराज नगर रीवा को एक वर्ष तक प्रत्येक सोमवार को संबंधित थाने में उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

### भावांतर योजना के प्रचार-प्रसार के लिए निकाली गयी ट्रैक्टर रैली



रीवा । भावांतर योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर विभिन्न आयोजनों के द्वारा लोगों को योजना के संबंध में जानकारी दी जा रही है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ग्राम बरहदी में ट्रैक्टर रैली का आयोजन कर किसानों को भावांतर योजना के बारे में जागरूक करते हुए किसानों को योजना से अवगत कराया गया। कृषि समिति रायपुर कर्चुलियान की अध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर ट्रैक्टर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर गांव के कृषक, समाजसेवी रामनारायण सिंह एवं कृषि विभाग के राम जी पाण्डेय, निकिता तिवारी, कृष्णा सिंह, अंकित तिवारी तथा रवीन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे।

### बरही क्षेत्र के कई गांवों में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत

बरही। तहसील क्षेत्र के आसपास के ग्रामों में करीब एक महीने से तेंदुआ की दस्तक से लोगों में भय बना हुआ है। तेंदुआ अब तक कई मवेशी व बकरी का किया शिकार कर चुका है। हीरापुर तैयाब नगर छिदिंहा टोला में डेरा जमाया था। अब बरही नगर में देखा गया। हनतला रोड बड़ा तलाब खेर मंदिर के पास तेदुओं देखे जाने से नगरवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। तेंदुआ को पकड़ने के लिए वन विभाग के सारे जुगाड़ फैल हो रहे है। पिंजड़ा रखा गया था जिसमें बकरा बांधा गया था जिससे तेंदूआ पिंजड़े में फंस जाए लेकिन तेंदुआ बच निकलता है। नगर के नजदीक शिकार के इंतजार में झाड़ियों में छुपकर बैठा रहता है। बरही नगर व आसपास क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है वनविभाग के जिम्मेदार अधिकारी जब कोई ठोस कदम उठाएंगे तभी तेंदुए से निजात मिल सकती है।

### भीम आर्मी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी के कारण इन दिनों अव्यवस्थाएं हावी हैं। समय पर स्टाफ के न आने से मरीजों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ब्लाक मेडिकल ऑफिसर राममणि पटेल के ऊपर बरही, बड़वारा,कटनी तीन जगह स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की जिम्मेदारी है जिसके चलते वे प्रतिदिन बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में अपनी उपस्थिति व मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय करने में असमर्थ हैं।

## गांधी जयंती पर रीवा केंद्रीय जेल से 12 कैदी हुए रिहा
### 14 साल की सजा पूरी करने के बाद मिली छूट



रीवा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर रीवा के केंद्रीय जेल से आजीवन कारावास की सजा काट रहे 12 बंदियों को रिहा किया गया। गांधी जयंती के शुभ अवसर पर इन कैदियों को सजा में छूट का लाभ देते हुए जेल प्रशासन ने नियमानुसार समस्त प्रक्रियाएं पूर्ण कर रिहाई सुनिश्चित की। जेल अधीक्षक एस.के. उपाध्याय ने बताया कि इन सभी कैदियों ने 14 वर्ष की जेल अवधि पूर्ण कर ली थी, जिसके पश्चात राज्य शासन से मिली छूट के तहत उनकी शेष 6 वर्ष की सजा माफ की गई। रिहा किए गए सभी कैदियों को श्रीफल भेंट कर और सम्मानपूर्वक जेल से विदा किया गया,रिहा होने वाले कैदियों में सीधी और सिंगरौली जिले के दो-दो, अनूपपुर के तीन, शहडोल के चार तथा उमरिया जिले का एक कैदी शामिल है। इन 12 कैदियों में से 11 हत्या के मामलों में दोषी पाए गए थे, जबकि एक कैदी अनुसूचित जाति जनजाति एक्ट के तहत दोषी था।बॉक्स इन कैदियों को मिली रिहाईजियालाल बसोर, भारत सिंह,बिकनू सिंह गोंड, सतेंद्र सिंह परिहार, देवलाल सिंह,रामराज गौड,धनीराम सिंह,ललन पाव,रामनरेश बैगा,संतोष कुमार सिंह,रामू बसोर, राकेश द्विवेदी जेल प्रशासन के अनुसार, इन सभी कैदियों का व्यवहार जेल में संतोषजनक रहा और इन्होंने सुधार की दिशा में गंभीर प्रयास किए। इसी के आधार पर राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली विशेष क्षमा योजना के अंतर्गत इनकी रिहाई संभव हो सकी।बॉक्स समाज में पुनर्वास की ओर कदमरिहा किए गए कैदियों को यह सलाह दी गई है कि वे अब सामान्य जीवन में लौटकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें और पुनर्वास की दिशा में सकारात्मक पहल करें। जेल प्रशासन ने विश्वास जताया कि ये कैदी समाज में एक नई शुरुआत करेंगे।

## गांधी जयंती पर सेमरिया विधायक का कलेक्ट्रेट पर धरना, कलेक्टर को बताया डिप्टी सीएम की कठपुतली, संभागीय बैठक में ना बुलाने से नाराज हुए विधायक



रीवा। जहां पूरा देश 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती और दशहरा के पर्व पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों और उत्सव में व्यस्त रहा, वहीं जिले के कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने ज़िला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। इस शांतिपूर्ण विरोध में उन्होंने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए और कलेक्टर प्रतिभा पाल को उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की कठपुतली करार दिया।उन्होंने जिला प्रशासन पर डिप्टी सीएम के इशारों पर काम करने और सेमरिया विधानसभा की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। विधायक ने इसे न केवल व्यक्तिगत अपमान बताया, बल्कि इसे सेमरिया क्षेत्र की जनता के सम्मान पर चोट बताया।बात दे विधायक अभय मिश्रा की नाराजगी की असल वजह हाल ही में हुई संभागीय समीक्षा बैठक है, जिसमें संभाग के लगभग सभी सांसदों और विधायकों को बुलाया गया था। इस अहम बैठक में प्रदेश की अपर मुख्य सचिव भी मौजूद थीं और विकास कार्यों, जनसमस्याओं पर चर्चा की गई थी। लेकिन विधायक अभय मिश्रा को इस बैठक की कोई सूचना नहीं दी गई। विधायक का कहना है कि उनकी विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को उस मंच पर उठाने से रोकने के पीछे एक साज़िश है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रणाली के खिलाफ बताते हुए कहा कि जब एक चुने हुए जनप्रतिनिधि को ही बैठक में बुलाना जरूरी नहीं समझा जा रहा है, तो जनता की आवाज़ कैसे पहुंचेगी, बॉक्स कलेक्टर व डिप्टी सीएम पर साधा निशानाविधायक ने सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक मौन व्रत रखा और गांधी प्रतिमा के सामने शांतिपूर्ण धरने पर बैठे रहे। व्रत समाप्ति के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कलेक्टर प्रतिभा पाल पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सेमरिया विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को जानबूझकर रोका जा रहा है, और उन्हें किसी भी प्रशासनिक बैठक की सूचना नहीं दी जाती। उन्होंने कहा रीवा पर ग्रहण लगाने का काम कलेक्टर और उपमुख्यमंत्री मिलकर कर रहे हैं। कलेक्टर वही करती हैं, जो डिप्टी सीएम कहते हैं। यह प्रशासन नहीं राजनीतिक दखल है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कलेक्टर द्वारा पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है और उनकी विधानसभा में कोई भी विकास कार्य स्वीकृति नहीं पा रहा है।

## नए न्यायालयीन भवन में पहले दिन 3 को सजा गौड गैंग के चोरों को दो-दो साल की सजा और अर्थदण्ड



रीवा। नए न्यायालयीन भवन के पहले दिन 29 सितंबर को न्यायालय ने 3 वर्ष पूर्व मनगवां में हुई चोरी के प्रकरण में गौड गैंग के तीन आरोपियों को दो-दो साल की सजा और अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बताया गया कि चोरी की यह घटना जिले के मंनगवा थाना क्षेत्र में 3 वर्ष पूर्व हुई थी जहां चोरों ने एक घर में सेंध लगाकर पीड़ित की बेटियों की शादी के लिए रखे गए गहनों को पार कर दिया गया था। न्यायालय द्वारा सुनाए गए इस फैसले के संबंध में जानकारी देते हुए लोक अभियोजक डीएन मिश्रा ने बताया कि 25 सितंबर 2022 को आरोपियों ने मनगवां थाना क्षेत्र के धर्मनगरी में रहने वाले अरुण कुमार दुबे के यहां चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों ने पीड़ित के घर से बेटियों की शादी के लिए रखे गहने और नकदी रुपए पार कर दिए थे। मामले में पीड़ित द्वारा की गई शिकायत के बाद पुलिस ने इस पूरी घटना को अंजाम देने वाले सतना निवासी वीरेंद्र गोंड, गुढ़ निवासी शैलेंद्र गोंद, रामपुर बघेलान निवासी जितेंद्र गौड़, और शिवम उर्फ शिब्बू को गिरफ्तार किया था । पुलिस द्वारा कोर्ट में प्रस्तुत किया गए प्रकरण में तकरीबन तीन वर्ष तक चले ट्रायल के बाद न्यायालय ने तीन आरोपियों को दोषी पाते हुए कारावास की सजा सहित अर्थ दंड से दंडित किया है। मनगंवा पुलिस के द्वारा सेधमारी कर चोरी किये गये सोने के आभूषण दो नग हार, दो नग पायजेहर, दो नग झुमका, सोने की 3 नग अंगूठी जप्त करते हुए प्रकरण में धारा 401 एवं 413/34 का इजाफा किया गया। पुलिस ने विवेचना पूर्ण कर अपराध चालान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मनगवां के न्यायालय में पेश किया था। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे अति.लोक अभियोजक डी.एन.मिश्रा द्वारा 9 साक्षियों को परीक्षित कराया गया जिस पर नयायाल ने आरोपी वीरेन्द्र गोड़, शैलेन्द्र गोड़, जीतेन्द्र गोड़, को धारा 457,380 में दो-दो वर्ष का सश्रम कारावास तथा 100-100 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया अर्थदण्ड की राशि जमा न करने पर एक-एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है।

## बसामन मामा गौ वंश वन्य विहार में आयोजित होगा वृहद किसान सम्मेलन

रीवा ।



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आगामी दिनों में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में किसानों को प्राकृतिक खेती के उपयोग के प्रति जागरूक करने के साथ ही रासायनिक खेती से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान सम्मेलन में किसानों को प्राकृतिक खेती में उपयोग में आने वाले उत्पाद जो गौवंश वन्य विहार में निर्मित हो रहे हैं उनसे अवगत कराया जाएगा। बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के प्रशासनिक भवन सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह किसान सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। इसके लिए अभी से सभी तैयारियाँ और व्यवस्थाएं प्रारंभ कर दें। उन्होंने गौवंश वन्य विहार में निर्माणाधीन कार्यों के शीघ्र भुगतान के निर्देश देते हुए अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेमरिया मार्ग से गौवंश वन्य विहार तक के पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने गौवंश वन्य विहार का भ्रमण कर निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, अमित अभय रामदास, एसडीएम दृष्टि जायसवाल, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, उप संचालक पशुपालन डॉ डीपी सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कनौजा में नवआरक्षकों ने लगाई ग्राम चौपाल

रीवा।

*93 वां नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025 -26 के प्रशिक्षणार्थियों ने बुधवार को आंतरिक कक्षाओं के समापन के पश्चात पीटीएस रीवा के द्वारा रीवा जिले के गोद लिए गए आठ गांवों में से ग्राम कन्नौजा थाना गोविंदगढ़, में भ्रमण कर ग्राम चौपाल आयोजित की गई । टोली नंबर 14 के प्रशिक्षु एवं मैंटर निरीक्षक आशा त्रिपाठी, ड्रिल इंस्ट्रक्टर, प्रधान आरक्षक मिथिलेश तिवारी व आरक्षक अंकित तिवारी के द्वारा ग्राम भ्रमण किया गया। ग्राम चौपाल के दौरान पीटीएस ट्री बैंक से ले जाए गए निःशुल्क पौधों का वितरण किया गया एवं ग्रामीणों के साथ बैठकर चर्चा की गई। उनसे विभिन्न प्रकार की जानकारियां एकत्रित की गई ,उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए उचित विभागों को सूचित करने की जानकारी दी गई। चौपाल में एकत्रित बच्चों ,महिलाओं,युवाओं और बुजुर्गों को -नवीन आपातकालीन नंबर 112,नवीन आपराधिक कानून ,यातायात नियमों ,राहवीर योजना , महिला संबंधी अपराधों, बालको से संबंधित अपराधों, साइबर अपराधों , डिजिटल अरेस्ट,नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा एवं करियर संबंधी विषयों पर जानकारी दी गई एवं बच्चों से दी गई जानकारी के विषय में सवाल पूछे गए एवं जवाब बताने पर टॉफी वितरित की गई। इसके साथ ही सभी ग्राम वासियों को हार्टफुलनेस मेडिटेशन करवाया गया और प्रतिदिन प्रैक्टिस करने का अभ्यास कराया गया है।*

## पुलिस लाइन में हुआ शस्त्र पूजन समारोह, उपमुख्यमंत्री रहे मुख्य अतिथि, विजयादशमी पर विधिवत तरीके से किया गया पारंपरिक शस्त्र पूजन, सुरक्षा बलों की निष्ठा और पराक्रम की सराहना



रीवा। विजयादशमी के पावन अवसर पर रीवा पुलिस लाइन में गुरुवार को परंपरागत रूप से शस्त्र पूजन का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिपूर्वक शस्त्रों का पूजन कर राष्ट्र की सुरक्षा में लगे जवानों की वीरता को नमन किया। इस अवसर पर रीवा के पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, मनगवां विधायक नरेंद्र प्रजापति, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और आमजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पूजन कार्यक्रम के बाद आयोजित सभा में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पुलिस बल की अनुशासनप्रियता, कर्तव्यनिष्ठा और पराक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा, विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि शक्ति का उपयोग सदैव धर्म और रक्षा के लिए होना चाहिए। शस्त्रों का पूजन केवल परंपरा नहीं, बल्कि यह राष्ट्र रक्षा के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस बल राष्ट्र की सुरक्षा में निरंतर तत्पर है और ऐसे आयोजनों से देशभक्ति और दायित्वबोध और भी सुदृढ़ होता है। कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों ने भी शस्त्र पूजन की इस परंपरा को कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्रसेवा और आत्मबलिदान से जोड़ते हुए संकल्प लिया कि वे सदैव नागरिकों की सुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए समर्पित रहेंगे। समारोह के अंत में पारंपरिक रीति से पुलिस बैंड की धुनों पर विजयादशमी की शुभकामनाएं दी गईं और समस्त उपस्थितजनों को प्रसाद वितरित किया गया। रहे।